## प्रदर्शन के दौरान स्कूल संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

# हिसार में स्कूल प्रिंसीपल की हत्या के विरोध में जिला सचिवालय के समक्ष किया प्रदर्शन

- स्कूल संचालकों ने ज्ञापन के माध्यम से की स्कूल प्रिंसीपल की हत्या के दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हिसार में करतार मेमोरियल स्कूल के प्रिंसीपल जगबीर पानू की हत्या के विरोध में बुधवार को जिला के प्राइवेट स्कूल संचालकों ने यमुनानगर डिस्ट्रिक्ट पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के नेतृत्व में लघु सचिवालय के समक्ष रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान स्कूल संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से मौके पर मौजूद सीटीएम पीयूष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार सुबह जिले के प्राइवेट स्कूल संचालक यमुनानगर डिस्ट्रिक्ट पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गए और रोष प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान स्कूल संचालकों ने हिसार के करतार मेमोरियल स्कूल के प्रिंसीपल जगबीर पानू की हत्या किए जाने पर गहरा दुख जताया और रोष व्यक्त किया। इसके बाद स्कूल संचालकों ने जिला सचिवालय में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से मौके पर मौजूद सीटीएम पीयूष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। मौके पर एसोसिएशन के प्रधान मनोरंजन साहनी ने कहा कि जगबीर पानू एक समर्पित शिक्षाविद् थे। जो विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास में अपनी जान गंवा बैठे। यह केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं है। बल्कि पूरे शिक्षा जगत पर हमला है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते स्कूलों में सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाते तो शायद आज जगबीर हमारे बीच होते। उन्होंने एसोसिएशन की ओर से जगबीर पानू को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग की।


यमुनानगर। जिला सचिवालय में सीटीएम को ज्ञापन सौंपते हुए स्कूल संचालक। फोटो: हरिभूमि

### शिक्षकों को सिर्फ पढ़ाने तक सीमित न रखा जाए

विक्रम लूथरा ने कहा कि शिक्षकों को सिर्फ पढ़ाने तक सीमित न रखा जाए। बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए भी विशेष नियम बनाए जाएं। उन्होंने एसोसिएशन की तरफ से स्कूलों की बसों के संचालन, स्टाफ के चयन और रूट निर्धारण में पूरी तरह से सुरक्षा मानकों का पालन करवाए जाने की मांग की। मौके पर स्कूल स्कूल संचालकों ने दो मिनट का मौन रखकर जगबीर पानू को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा मामले में जल्द कारवाई किए जाने की मांग की। इस अवसर पर प्रदीप जैन, सीमा शर्मा, राहुल गोयल, अजय मेहता, अश्वनी शर्मा, अनिल डांढ़ा, विकास सेठ व सोनू ठाकुर आदि मौजूद थे।


यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## सॉफ्ट स्किल्स पर विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

- जेएमआईटी रादौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग व सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से बुधवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईसीटी अकादमी से जुड़ी एक अनुभवी औद्योगिक प्रशिक्षक सुश्री नेहा राज राणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान संवाद कौशल, आत्मविश्वास निर्माण व दल कार्य जैसे महत्वपूर्ण सॉफ्ट स्किल्स पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए ऐसे उद्योग आधारित कार्यक्रमों की आवश्यकता और लाभों पर बल दिया। 100 घंटे के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षताओं के साथ-साथ उद्योग में उपयोगी व्यवहारिक कौशल प्रदान करना है। मौके पर डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. विकास जुनेजा, डॉ. गगनप्रीत, डॉ. नवदीप, इंजी सीमा आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। रादौर अनाज मंडी में कांवड़ सेवा शिविर का हवन यज्ञ करके शुभारंभ करते हुए महाकाल ग्रुप के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## हवन यज्ञ के साथ कांवड़ शिविर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

महाकाल ग्रुप फतेहगढ़ द्वारा रादौर की अनाज मंडी में पांचवे कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रुप के सदस्यों ने आहुतियां अर्पित कर सभी कांवड़ियों की सुरक्षित कांवड यात्रा की मंगल कामना की। शिविर में पहले दिन सैकड़ों कांवड़ियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर कुछ देर अपनी यात्रा को विश्राम दिया।

शिविर के आयोजक संदीप सैनी व विक्रम सैनी आदि ने बताया कि भगवान शिव को सावन मासअति प्रिय है। जिसमें भक्त कांवड़ यात्रा के माध्यम से भगवान शिव को प्रसन्न करते हैं। ग्रामीणों की ओर से पिछले लगभग पांच वर्षो से कांवड सेवा शिविर लगाकर कांवडियों की सेवा की जा रही है। शिविर में मेडिकल सुविधा, भोजन, रात्रि विश्राम, शौचालय व बिजली आदि का विशेष प्रबंध किया गया है। इस अवसर पर सरपंच रवि सैनी, अमित सैनी, रोहित, सुखबीर सैनी, सौरभ, संदीप सैनी, निर्मल, गोल्डी, शुभम, विजय, आशु गौरव, आशु सैनी, ईलू सैनी, सूरज सैनी व राजू आदि मौजूद रहे।

## शिव मंदिर के दानपात्र से नकदी चोरी

- गांव के ही युवक पर मंदिर से दानराशि चोरी करने का आरोप

**यमुनानगर।** गांव सारण में स्थित शिव मंदिर के दानपात्र से चोरों ने नकदी चोरी कर ली। पैसे चोरी करने का आरोप गांव के ही कुशपाल पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सारण निवासी रिंकू ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 जुलाई को देर शाम मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद सभी श्रद्धालु मंदिर को बंद करके अपने घर चले गए थे। सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे तो उन्हें शिव मंदिर का दान पात्र टूटा हुआ मिला। जांच करने पर दान पात्र से 12 हजार रुपए गायब मिले। उसने बताया कि जांच करने पर पता चला कि मंदिर के दान पात्र से गांव के ही कुशपाल ने पैसे चोरी किए हैं। उसने आरोपी से इस बारे बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# निगम ने वर्कशॉप रोड से हटाया अतिक्रमण, गंदगी फैलाने पर तीन दुकानदारों के काटे चालान

- नगर निगम की टीम ने शहर के वर्कशॉप रोड पर परशुराम चौक के पास की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ट्विन सिटी में सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों व खुले में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रवैया अपना लिया है। निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर सीएसआई अनिल नैन की टीम ने बुधवार को शहर के वर्कशाप रोड से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान खुले में गंदगी फैलाने पर तीन दुकानदारों के चालान भी किए गए। वहीं, निगम की टीम ने मीरा बाई मार्केट में दुकानों के आगे बनाए थड़ों को तोड़कर अतिक्रमण हटाया।


यमुनानगर। जगाधरी वर्कशॉप मार्ग पर अतिक्रमण हटाते हुए निगम की टीम। फोटो: हरिभूमि

नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के निर्देशों पर सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में निगम की टीम वर्कशॉप रोड पर परशुराम चौक के पास पहुंची। यहां दुकानदारों द्वारा सड़कों पर अतिक्रमण किया हुआ था। निगम की टीम ने जैसे ही अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने स्वयं सड़क पर रखा अपना सामान हटाकर दुकान के अंदर रखा। इस दौरान निगम ने वार्ड 16 व 20 के क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया और लोगों को सड़क पर सामान न रखने के लिए जागरूक किया। इस दौरान निगम की टीम को एक दुकानदार खुले में गंदगी डालता मिला। जिसका मौके पर चालान किया गया। यहां गंदगी खुले में फैलाने पर तीन दुकानदारों के चालान किए गए। सीएसआई अनिल नैन ने दुकानदारों को समझाया कि सड़कों पर अतिक्रमण करने से रास्ते संकरे हो जाते हैं। जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनती है और आमजन को परेशानी होती है। इसलिए आमजन को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए कोई भी दुकानदार सड़कों पर अतिक्रमण न करें।

## फेसबुक पर युवक को गलत मैसेज कर दी जान से मारने की धमकी

- पुलिस ने आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव खजुरी निवासी अर्जुन चौहान को आधा दर्जन युवकों ने फेसबुक पर गलत मैसेज भेज कर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसे जब इस बारे पता चला तो उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ 67 इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव खजुरी निवासी अर्जुन चौहान ने जठलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने फेसबुक पर अकाउंट बनाया हुआ है। सात जुलाई को आरोपी रोहन, आशू कुमार, परमवीर सिंह, निखिल सिंह नारंग, रोबिन कुमार व प्रिंस खत्री ने उसके फेसबुक अकाउंट पर उसे गलत मैसेज भेज कर उसे जान से मारने की धमकी दी। उसके दोस्तों से उसे इस बारे पता चला तो उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ 351 टू बीएनएस तथा 67 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# चोरों ने सूने घर और निर्माणाधीन मकान से चुराया नकदी समेत लाखों रुपये का सामान

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में चोरों ने सूने घर व निर्माणधीन मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी की गंगानगर कॉलोनी निवासी विनोद कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी जगह शिकायत में बताया कि वह 14 तारीख को रात साढ़े 10 बजे खाना खाने के बाद परिवार के सदस्यों के साथ घर पर सो गया था।

रात को करीब साढ़े तीन बजे जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि घर में सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर अलमारी खुली पड़ी थी। जिसमें से साढ़े 11 हजार रुपये, सोने व चांदी के जेवरात, मोबाइल व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब एक लाख 20 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### निर्माणाधीन मकान से शटरिंग की 120 प्लेट व वाइब्रेट मोटर चोरी

*गांव कंडरौली निवासी अमर कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कैंप क्षेत्र में मकान बना रहा है। 13 जुलाई को वह देर शाम काम खत्म करके घर चला गया था। सुबह जब वह अपने निर्माणाधीन मकान पर आया तो वहां से सामान गायब मिला। जांच करने पर वहां से 140 प्लेट शटरिंग व वाइब्रेट मोटर गायब मिली। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत एक लाख 30 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।*



## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

- पूर्व विधायक ने अपने जन्मदिन पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

पूर्व विधायक व भाजपा नेता बिशन लाल सैनी ने बुधवार को रादौर के महाराजा अग्रसेन पार्क में अपने जन्मदिन पर पौधारोपण कर सभी को वातावरण हराभरा रखने का संदेश दिया।

पूर्व विधायक डॉ. बीएल सैनी ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। पर्यावरण बचाने को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सावन माह में मानसून के चलते अधिक बरसात होती रहती है। जिसके चलते पौधारोपण करने का इससे अच्छा समय कोई दूसरा नहीं हो सकता। पौधारोपण करने से छांव व ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। पेड़ पर्यावरण के रक्षक हैं। ये हवा को स्वच्छ बनाते हैं। वायु, जल व ध्वनि प्रदूषण से कई बीमारियां होती हैं, इसे रोकना जरूरी है। पर्यावरण असंतुलन से दुनिया चिंतित है। हमें भी अपने किसी खास दिवस को विशेष बनाने के लिए पौधारोपण कर संकल्प लेना चाहिए। मौके पर वीरेंद्र राणा, ठाकुर दास, रमेश राणा, राम चंद्र सैनी, धर्मबीर रादौर, कुलदीप सैनी पूर्णगढ़, गुरमीत सढ़ुरा, सुभाष सढ़ुरा, निसार टोपरा, रमेश राणा, छवि घिलौर, रोशनलाल, रूप चंद, पल्ला राम आदि मौजूद थे।


यमुनानगर। रादौर में अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करते पूर्व विधायक डॉ.बीएल सैनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# पौधरोपण कर श्रद्धालुओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

- मानव उत्थान सेवा समिति के सदस्यों ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत जगाधरी के श्री हंस ज्योति मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान आश्रम की प्रभारी महात्मा चतुर्वेदी बाई,महात्मा गरिमा बाई व महात्मा शिखा बाई ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर श्रद्धालुओं ने सैंकड़ो पौधे रोपित किए और उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया।

समिति के सचिव पवन कुमार गोयल ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान के तहत श्री हंस ज्योति मंदिर के श्रद्धालुओं द्वारा सैकड़ों छायादार, फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि वृक्षों से ही ग्लोबल वार्मिंग को रोका जा सकता है। जिस प्रकार से माता बच्चों का पालन, पोषण व संरक्षण करती हैं। ठीक इसी प्रकार से वृक्ष हमारा पालन पोषण संरक्षण करते हैं।

वृक्षों से हमें ऑक्सीजन मिलती है। जिससे हमारा स्वास्थ्य ठीक रहता है। पौधारोपण आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि मानव उत्थान सेवा समिति कई वर्षों से पौधरोपण कर रही है। गत वर्ष भी हजारों पौधे लगाए गए थे। इस बार भी दस हजार से अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। पौधरोपण करने में मुख्य रूप से राहुल चौधरी, अमित भारती, विशु गोयल, आरव गोयल, डॉक्टर मनीष वर्मा, अशोक शर्मा, नरेश धीमान व रोहित कपूर आदि शामिल रहे।


यमुनानगर। श्री हंस ज्योति मंदिर परिसर में पौधरोपण करते हुए श्रद्धालु।

## मेयर सुमन बहमनी ने कांवड़ियों के गुजरने वाले शहर के पुराने सहारनपुर मार्ग का किया निरीक्षण

शिव भक्तों को किसी प्रकार की नहीं होनी चाहिए दिक्कत

# कांवड़ियों के गुजरने वाले मार्गों को स्ट्रीट लाइट लगाकर करें जगमग: मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत मार्गो पर लाइट व्यवस्था बेहतर करने को लेकर मेयर सुमन बहमनी ने पुराने सहारनपुर रोड का निरीक्षण किया। मेयर ने नगर निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ मार्ग पर अग्रसेन चौक से परवालो चौक तक स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मार्ग पर अधिकांश स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं मिली। मेयर ने निगम के एसडीओ राजेश कुमार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से एनओसी लेकर मार्ग पर स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम के एसडीओ राजेश कुमार, लाइट निरीक्षक विकास मान व अन्य अधिकारियों के साथ कांवड़ियों के गुजरने वाले पुराना सहारनपुर रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले मार्ग पर परवालो चौक से लेकर अग्रसेन चौक तक स्ट्रीट लाइटों को जायजा लिया। इस दौरान परवालो गांव से तेजली मोड तक लाइट नहीं लगी मिली। निगम अधिकारियों ने मेयर को बताया कि यह नगर निगम क्षेत्र से बाहर है। यहां पर लाइट लगाने के लिए पीडब्ल्यूडी से एनओसी लेना जरूरी है। एनओसी लेने के बाद ही इन स्थानों पर लाइट लगाई जा सकती है। जिस पर मेयर सुमन बहमनी ने फोन करके पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से मार्ग पर स्ट्रीट लगवाने को लेकर बातचीत की।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने मेयर को नगर निगम द्वारा एनओसी के लिए आवेदन करने की बात कहीं और साथ के साथ एनओसी देने को कहा। मेयर बहमनी ने निगम अधिकारियों को तुरंत एनओसी लेकर मार्ग पर जिन स्थानों पर अतिरिक्त लाइट की आवश्यकता है। वहां प्राथमिकता के आधार पर लाइट लगाने के निर्देश दिए। ताकि शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।


यमुनानगर। पुराना सहारनपुर मार्ग का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी। फोटो: हरिभूमि

मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र में कांवड़ियों के गुजरने वाले सभी मार्गों पर खराब पड़ी लाइटों को तुरंत दुरुस्त करें। इसके अलावा कांवड़ियों के आगमन वाले रास्तों पर बेरीकेड, रस्सी व पोल लगाकर चिन्हित करने, शहर के जिन चौराहों से कांवड़िए निकल रहे हैं उन पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, कांवड़ शिविरों पर मोबाइल शौचालय लगाने, कांवड़ शिविरों के आसपास फागिंग कराने, शिविरों के आसपास व मार्गों पर सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शिव भक्तों को अपने गंतव्यों पर पहुंचने के लिए मार्ग पर किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी मार्ग लाइटों से जगमग होने चाहिएं और रास्तों में जलभराव की समस्या भी नहीं रहनी चाहिए। ताकि मार्गों से गुजरने वाले कांवड़ियों को कई परेशानी ना उठानी पड़े।

## श्रीशिव शक्ति मंदिर में कथा का आयोजन कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे श्रद्धालु

कुरुक्षेत्र। श्रावण मास के पावन अवसर पर सेक्टर-7 स्थित श्रीशिव शक्ति मंदिर में श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि गणेश जी का



गजमुख दो दांतों के साथ शोभायमान होता था, परन्तु एक बार भगवान परशुराम ने क्रोधवश उनका एक दांत फरसे से काट दिया था। जिस कारण से गणेश जी एकदंत या वक्रतुण्ड कहलाने लगे। लेकिन उनके इसी एक दांत और लम्बोदर रूप के कारण कोई उनसे विवाह करने को तैयार नहीं होता था। इससे रुष्ट होकर गणपति अपनी सवारी मूषक की सहायता से दूसरे देवताओं के विवाह में बाधा पहुंचाने लगे थे। सभी देवताओं ने अपनी समस्या जाकर ब्रह्मा जी से कही। ब्रह्मा जी ने सभी देवताओं और गणेश जी की समस्या का समाधान निकालने के लिए अपनी दो पुत्रियों ऋद्धि और सिद्धि को गणेश जी के पास शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेज दिया। गणेश जी की स्वीकृति से एक साथ ऋद्धि और सिद्धि से उनका विवाह सम्पन्न हुआ, जिनसे इन्हें शुभ और लाभ पुत्रों की प्राप्ति हुई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

# विद्यालयों में शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर लामबंद हुए स्कूल संचालक

- हिसार में शिक्षक की हत्या के रोष स्वरूप जिलेभर के निजी स्कूल रहे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। लघु सचिवालय समक्ष रोष जताते स्कूल संचालक।

हिसार के विद्यालय में हुए शिक्षक की निर्मम हत्या की घटना ने प्रदेशभर के शिक्षकों में भय, आक्रोश और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। इस घटना के विरोध स्वरुप जिला के निजी स्कूल बुधवार को बंद रहे। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष राजीव चावला की अध्यक्षता में स्कूल संचालक लघु सचिवालय समक्ष एकत्रित हुए और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर लेखराज, उपाध्यक्ष बालकृष्ण व मनोहर लाल, उप महासचिव मदन गोपाल, महासचिव मुकेश, कोषाध्यक्ष विनोद भारद्वाज, संरक्षक कर्म सिंह बैंस, ईश्वर सिंह, निर्मल, कुलवीर पंजेता, संजीव पांडे, सुखविंदर, आशुतोष गौड़, मेवाराम, राकेश, भजन सिंह राठौर, सत्य नारायण, सतीश शर्मा, जसमेर, विपिन शर्मा, दीपक, विजय मेहता, जोगिंद्र, मंजीत सिंह, सरजंत सिंह, विभू दर्शन, अखिल, बीपी तोमर सहित अनेक विद्यालयों के प्रबंधक मौजूद रहे। राजीव चावला ने कहा कि यह केवल एक शिक्षक की हत्या नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की आत्मा पर सीधा आघात है। सरकार को अब शिक्षकों की सुरक्षा के लिए सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कानून लाना होगा। हम तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक स्कूल सेफ्टी एक्ट लागू नहीं हो जाता।

### शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर नीति बनाने की मांग

विरोध प्रदर्शन को संघ के संरक्षक बी.डी. गाबा का पूरा समर्थन प्राप्त हुआ। उन्होंने शिक्षकों की सुरक्षा के लिए एक ठोस नीति बनाने की मांग की और कहा कि यदि अब भी सरकार नहीं चेती, तो परिणाम गंभीर होंगे। पिहोवा से प्रतिनिधित्व कर रहे जयपाल चावला ने कहा कि यह आंदोलन केवल कुरुक्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी खंडों के विद्यालय शिक्षक समाज के समर्थन में एकजुट हैं। फेडरेशन द्वारा जिला उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में तीन मुख्य माँगें रखी गई जिनमें स्कूल सेफ्टी एक्ट हरियाणा में अविलंब लागू किया जाए। दिवंगत शिक्षक को शहीद का दर्जा दिया जाए और उनके परिवार को आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। 18 वर्ष से कम उम्र के छात्रों द्वारा किए गए जघन्य अपराधों को ज्यूवेनाइल एक्ट के तहत राहत से बाहर रखा जाए और इसे जघन्य अपराध की श्रेणी में लाकर न्यायिक प्रक्रिया अपनाई जाए। राजीव चावला ने कहा कि यदि सरकार ने इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो आगे भी आंदोलनात्मक कदम उठाए जा सकते है।

## खबर संक्षेप



### गुरप्रीत सिंह प्राथमिक सहायता के बने लेक्चरर

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र जिले के सामाजिक कार्यकर्ता व आपदा प्रबंधन प्रशिक्षक गुरप्रीत सिंह को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से प्राथमिक सहायता का प्रवक्ता/लेक्चरर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके द्वारा वर्षो से समाज सेवा, आपदा प्रबंधन और प्राथमिक चिकित्सा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए की गई है।

### प्रो. अवनेश इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के अध्यक्ष बने

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के प्रो. अवनेश वर्मा को 26 जुलाई से आगामी तीन वर्षो के लिए इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग का चेयरपर्सन बनाया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इसके साथ ही प्रो. अवनेश वर्मा एकेडमिक कांउसिल तथा फैकल्टी ऑफ साइंसिज के सदस्य होंगे तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरपर्सन भी होंगे।

### कुरुक्षेत्र जिला बैडमिंटन सेलेक्शन ट्रायल्स 20 को

कुरुक्षेत्र। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा कुरुक्षेत्र जिला बैडमिंटन पुरुष एवम महिला टीम का सेलेक्शन ट्रायल्स का आयोजन वायर विंग्स अकैडमी, सेक्टर-7, कुरुक्षेत्र में 20 जुलाई को किया जायेगा। अध्यक्ष प्रो.पीसी तिवारी ने बताया कि इस सेलेक्शन ट्रायल्स में एकल, युगल व मिश्रित वर्गो में मैच खेले जाएंगे।

### शिवमहापुराण कथा और महायज्ञ और कथा आज से

थानेसर। जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट कुरूक्षेत्र द्वारा श्रावण माह के उपलक्ष्य में जनकल्याणार्थ शिव शक्ति महायज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा 17 से 23 जुलाई तक करवाई जा रही है। जानकारी देते हुए पीठाधीश पंडित राजेश मौदगिल ने बताया कि कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में वीरवार,17 से बुधवार 23 जुलाई तक प्रतिदिन शिव शक्ति महायज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा अनुष्ठान चलेगा।

## पंजीकृत और गैर पंजीकृत अस्पतालों में होने वाले गर्भपात के केसों की होगी जांच

# गर्भपात करने वाले 2 गैर पंजीकृत निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

### उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयोजित बैठक को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करती उपायुक्त नेहा सिंह।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में गैर कानूनी तरीके से गर्भपात करने वाले 2 गैर पंजीकृत निजी अस्पतालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। अगर किसी स्तर पर अस्पतालों के संचालकों ने कानून की अवहेलना की है तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अस्पताल संचालकों के खिलाफ सीधा एफआईआर दर्ज करवाए। इतना ही नहीं पंजीकृत और गैर पंजीकृत अस्पतालों में हुए गर्भपात के मामलों की जांच करने के भी निर्देश दिए है। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र जिले में बेटियां होने के बाद बार-बार गर्भपात करवाने वाली महिलाओं को भी चिन्हित कर लिया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयोजित एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डा. रमेश सभ्रवाल ने कुरुक्षेत्र जिले में वर्ष 2021 से लेकर वर्ष 2025 तक लिंगानुपात की रिपोर्ट पर प्रकाश डाला और आंकड़े प्रस्तुत किए कि वर्ष 2021 में लिंगानुपात 921, वर्ष 2022 में 893, वर्ष 2023 में 906, वर्ष 2024 में 913 और जून 2025 तक लिंगानुपात का आंकड़ा 930 है। इसके साथ ही कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से किए गए प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास अधिकारी बलजीत कौर ने हर गांव के सर्वे के बाद गर्भवती महिलाओं को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है और इस रिपोर्ट को बैठक में रखा और विस्तार से चर्चा भी की। इन आंकड़ों के अनुसार कुरुक्षेत्र में 8 हजार महिलाएं गर्भवती है। उपायुक्त नेहा सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए कहा कि फीडबैक के अनुसार पंजीकृत और गैर पंजीकृत अस्पतालों में महिलाएं मेडिकल ग्राउंड पर गर्भपात करवा रही है और 100 से ज्यादा ऐसी महिलाएं है जिनकी एक या 2 बेटियां है और वह गर्भपात करवा चुकी है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इन सभी केसों की जांच करने और कड़ी निगरानी रखने के आदेश दिए है। इसके साथ ही रिपोर्ट के अनुसार जिन 2 गैर पंजीकृत निजी अस्पतालों ने महिलाओं के गर्भपात किए है, इन दोनों निजी अस्पतालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

### कन्या भ्रूण हत्या में संलिप्त लोगों की पहचान की गई

*उन्होंने कहा कि जिले में कन्या भ्रूण हत्या में संलप्ति लोगों की भी पहचान कर ली गई है। इन लोगों पर प्रशासन की कड़ी निगाहें होंगी, इन सभी लोगों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए गठित टीम ईमानदारी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेगी ताकि किसी स्तर पर कोई कमी ना रहे और तमाम औपचारिकताओं को पूरा करके कानूनी कार्रवाई की जा सके। जिन केसों में एफआईआर दर्ज है, उन केसों की अच्छी तरह से पैरवी की जाए ताकि अपराधी जेल से छूट ना पाए और कानून के अनुसार अपराधियों को सजा मिल सके। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज, डीएसपी रोहताश, डिप्टी सीएमओ डा.रमेश सभ्रवाल, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बलजीत कौर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।*

### 3 जगह की छापेमारी, 11 गिरफ्तार

डिप्टी सीएमओ डा. रमेश सभ्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2025 के जून माह तक 5 छापेमारी की जिसमें 3 छापेमारी जिले से बाहर और 2 छापेमारी जिले के अंदर की है। इस छापेमारी के दौरान पीएनडीटी एक्ट के तहत 4 एफआईआर और एमटीपी एक्ट के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई है। इन 5 एफआईआर में 11 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

## नवजात शिशुओं के लिए आदेश में अत्याधुनिक नियोनेटल आईसीयू शुरू


कुरुक्षेत्र। नियोनेटल आई.सी.यू. की शुरुआत करते आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा.एच.एस. गिल। फोटो : हरिभूमि

- आई.सी.यू. का विस्तार करते हुए संख्या 5 बैड से बढ़ाकर 20 की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और अहम कदम उठाते हुए आदेश अस्पताल व मैडिकल कालेज, मोहड़ी में नवजात शिशुओं के लिए लेवल-3 नियोनेटल आई.सी.यू. का विस्तार करते हुए इसे 5 बैड से बढ़ाकर 20 बैड तक कर दिया है। इस नई सुविधा का शुभारंभ आदेश ग्रपु के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल, निदेशक गुरफतेह सिंह गिल और अस्पताल के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल द्वारा किया गया। आदेश अस्पताल के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आधुनिक आई.सी.यू. की शुरूआत से अब क्षेत्र के लोगों को नवजात शिशुओं की गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज के लिए चंडीगढ़ या दिल्ली जैसे बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद को उनके नजदीक ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल ने कहा हमारी कोशिश है कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में भी बड़े शहरों जैसी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। नियोनेटल आई.सी.यू. का विस्तार इसी दिशा में एक ठोस कदम है। आदेश ग्रुप के निदेशक गुरफतेह सिंह गिल ने कहा कि यह सुविधा न केवल शाहाबाद बल्कि आस-पास के सभी इलाकों के लिए वरदान साबित होगी।

### कुलपति ने किया द गीता एंड लॉ पुस्तक का विमोचन

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विधि विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पूजा एवं भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के विधि संकाय से डॉ. राजेश हुड्डा द्वारा संयुक्त रूप से लिखित पुस्तक द गीता एंड लॉ: एन इंडियन नॉलेज सिस्टम का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह पुस्तक भगवद्गीता में निहित नैतिक, दार्शनिक और न्यायिक मूल्यों को आधुनिक विधिक सिद्धांतों से जोड़ते हुए भारतीय ज्ञान प्रणाली को विधिक शिक्षा में स्थान देने का प्रयास है।

## संविधान और कानूनी अधिकारों की समझ को लोकप्रिय बनाने के लिए लगाई प्रदर्शनी

- देश में आपातकाल लगाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर जिला सचिवालय में प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस प्रदर्शनी में सरकार द्वारा सुशासन के लिए की गई नई पहल, संविधान व कानूनी अधिकारों की समझ को लोकप्रिय बनाने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता व जवाबदेही के लिए गए निर्णय को भी दशार्या गया है। देश में प्राचीन काल से लोकतंत्र की जड़े विकसित होने से लेकर लोकतांत्रिक परंपराओं के मूल में बसे जन केंद्रित दृष्टिकोण व जनभागीदारी को प्रदर्शनी में दशार्या गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला सचिवालय में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। देश में आपातकाल लगाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा नागरिकों को जागरूक करने के लिए प्रदर्शनी आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि श्रेणी संघ में लोकतंत्र के महत्व व प्रतिनिधित्व के दिशा निर्देश देते हुए उथिरामेरुर के शिलालेख भी प्रदर्शित किए गए है। प्रदर्शनी में परामर्शी प्रथाओं में सामुदायिक भागीदारी से प्रभावित शासन, ग्रामीण व शहरी इलाकों में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र, स्वतंत्र भारत व संसदीय प्रणाली, आपातकाल से ठीक पहले की गतिविधियों व आपातकाल के दौरान देशवासियों पर किए गए अत्याचारों, विभिन्न जन आंदोलनों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह, एआईपीआरओ केदार शर्मा, एआईपीआरओ बलराम शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बाल तस्करी समाज के लिए अभिशाप : श्याम लाल

- न्याय तक पहुंच अभियान के तहत बाल तस्करी रोकने के लिए किया बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जस्ट राइट ऑफ इंडिया एलाइंस के तहत एमडीडी आफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुंच के तहत बाल तस्करी रोकथाम, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण को रोकने के लिए न्याय तक पहुंच अभियान के तहत कुरुक्षेत्र के रेलवे स्टेशन में बच्चों को बाल तस्करी से कैसे बचाया जाये उसके लिए एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में कुरुक्षेत्र के स्टेशन अधीक्षक श्याम लाल मीणा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण पांचाल, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एसएचओ बी.एस. तोमर, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एसआई विलायती सैनी और एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह संयोजक रामलाल सिरसल मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में बाल तस्करी को रोकने के उपायों पर चर्चा की गई। स्टेशन अधीक्षक श्याम लाल मीणा ने कहा कि बाल तस्करी समाज के लिए अभिशाप है। बाल तस्करी बच्चों के समग्र विकास को प्रभावित करता है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पैसे कमाने की क्षमता, व्यक्तिगत सुरक्षा, कानूनी अधिकार शामिल है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण पांचाल ने कहा है कि अगर हमें बाल तस्करी का पता चलता है तो हमें उनकी तुरंत जानकारी अधिकारियों जैसे बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, ग्राम सरपंच, तहसीलदार, बाल विकास परियोजना अधिकारी, स्कूल शिक्षक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उपलब्ध करवा सकते हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एसएचओ बी.एस. तोमर ने कहा है कि बाल तस्करी ना हो इसके लिए स्टेशन पर आए हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। इस सामाजिक बुराई को हम सभी मिलकर खत्म कर सकते हैं।

### बाल ट्रैकिंग रोकने का करेंगे प्रयास : सिरसल

*एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह संयोजक रामलाल सिरसल ने कहा कि हम अपने आसपास किसी भी क्षेत्र में अगर कोई बाल ट्रैकिंग करवा रहा है। उसको भी रोकने का प्रयास करेंगे, क्योंकि यह बच्चों के पढ़ने की उम्र है और इस समय हम किसी न किसी कारण से अपने बच्चों को बाल मजदूरी में लगा देते हैं। यदि वह आपके समझाने पर भी नहीं मानता तो उपरोक्त अधिकारियों से इसके बारे में आप सूचित कर सकते हैं। एमडीडी ऑफ इंडिया के प्रयासों की सराहनीय करते हुए कहा कि ऐसे जागरूक कार्यक्रम प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर चलाए जाने चाहिए। ताकि समाज को ऐसी कुरीतियों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जो यह संस्था बच्चों पर कार्या कर रही है बधाई कि पात्र हैं।*

**वितरण** — सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने डेंगू से बचाव के लिए किया सराहनीय कार्य

# डाबर इंडिया के सहयोग से वितरित की 50 लाख की प्लैटीफोंटे टैबलेट्स

यह आयुर्वेदिक दवा शरीर की प्लेटलेट संख्या बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने में मदद करती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के पदाधिकारी एवं सदस्य दवाई के बॉक्स सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

पूरे उत्तर भारत में अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया जन सहयोग के अनेक कार्य कर रही है। मंगलवार को भी कुरुक्षेत्र में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने कुरुक्षेत्र जिला में डेंगू से बचाव के लिए एक प्रभावी एवं सराहनीय कदम उठाया गया है। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के ट्रस्टी विवेक शर्मा व जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान को जनहित में 50 लाख की डाबर प्लैटीफोंटे टैबलेट्स का वितरण किया। सेवा ट्रस्ट के विवेक शर्मा व जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से वितरित की गई यह आयुर्वेदिक दवा शरीर की प्लेटलेट संख्या बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने और रक्त स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। इसमें पपीता, कालमेघ, और गिलोय जैसे औषधीय तत्व शामिल हैं। जो डेंगू जैसी वायरल बीमारियों में उपयोगी माने जाते हैं। सेवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल व खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन ने बताया की प्लैटीफोंटे टैबलेट्स प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में सहायक है। प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाती है यकृत (लीवर) स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। पाचन सुधारने और सूजन कम करने में सहायक है। संस्था के योगेश गर्ग व अक्षित जैन ने बताया कि मौसम की स्थिति एवं डेंगू की संभावनाओं को देखते हुए इस पहल के अंतर्गत जिले में जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया है। जिसमें नागरिकों को डेंगू से बचाव, स्वच्छता और आयुर्वेदिक उपायों की जानकारी दी गई। आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव प्रो.वैद्य ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो.वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र ने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए जनसहभागिता जरूरी है और आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से हम रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर इसका प्रभावी समाधान कर सकते हैं। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया का यह प्रयास जिला प्रशासन, आयुष विभाग और सामाजिक संगठनों की साझा जिम्मेदारी की मिसाल है जो जन स्वास्थ्य की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट यूके भारत का धन्यवाद किया।



### 155 विद्यार्थियों के दांतों का किया निरीक्षण

शाहबाद। रोटरी क्लब के सौजन्य से स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने हेतु एक दिवसीय डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवी तक के लगभग155 विद्यार्थियों के दांतों का निरीक्षण किया गया। कैंप की शुरूआत क्लब के प्रधान डॉक्टर आर. एस. घुम्मन के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि इस क्लब का उद्देश्य स्कूली बच्चों को अपने दांतों की सही देखभाल रखने के लिए जागरूक करना है। हमें उन्हें जागरूक करके उनके दांतों को खराब होने से बचाना है। इस दौरान प्रोजेक्ट चेयरमैन व दंत चिकित्सक डॉक्टर उमेश गुप्ता ने बच्चों के दांतों का निरीक्षण किया।

**ये रहे मौजूद** : इस अवसर पर रोटरी के मुख्य सलाहकार राजकुमार गुप्ता, सहायक गवर्नर डॉक्टर एस.एस. आहूजा, स्कूल एड्मिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, सतबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### खोया-पाया

मैं, गीता रानी पत्नी बृजपाल निवासी डेरा लाडवा, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र, बयान करती हूं कि मेरी बसीका नं. 1338/1 दिनांक 09.08.2011 व बसीका नं. 1048/1 दिनांक 18.07.2014 जोकि संयुक्त सब रजिस्ट्रार लाडवा से रजिस्टरी बनी हुई है। मुझसे दिनांक 21.02.2021 को लाडवा जिला कुरूक्षेत्र में कहीं गुम हो गई है। यह काफी तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिली, इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 13232041250 1006 द्वारा कर दी गई है। जिसे मिले फोन नंबर 91384-04244 पर संपर्क करें।

